कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल

स्थानीय लेखापरीक्षा विभाग

2 गवर्नमेंट प्लेस (वेस्ट), ट्रेजरी बिल्डिंग्स, कोलकाता 700 001

सं. एलए/अभिलेख/विज्ञापन/266/1/2022-23 **दिनांक 18.12.2022**

विषय: लेखापरीक्षा सहायक के रूप में सीए (इंटरमीडिएट)/योग्य सीए की नियुक्ति

1. कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल, स्थानीय लेखापरीक्षा विभाग पश्चिम बंगाल में पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) की लेखापरीक्षा के संचालन में सहायता के लिए **लेखापरीक्षा सहायक के रूप में सीए (इंटरमीडिएट)/सीए उत्तीर्ण उम्मीदवारों** की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

2. इच्छुक पात्र उम्मीदवार वेबसाइट/समाचार पत्र पर विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर अर्थात 07 जनवरी, 2023 तक आवेदन कर सकते हैं।

3. लेखापरीक्षा सहायक का संक्षिप्त कार्य विवरण नीचे दिया गया है:

1.	पद नाम	लेखापरीक्षा सहायक
2.	पदों की संख्या	50 (पचास)
3.	आयु सीमा	31.10.2022 को 35 वर्ष से अधिक नहीं
4.	योग्यता	
	(ए) आवश्यक	किसी सी.ए फर्म में 2 साल के कार्य अनुभव के साथ सीए (इंटरमीडिएट) उत्तीर्ण / आईसीएआई से पात्रता प्राप्त सीए ।
	(बी) प्राथमिकता	आईटी और डेटा एनालिटिक्स में अतिरिक्त ज्ञान रखने वाले उम्मीदवारों को ।
5.	नियुक्ति की अवधि	प्रारंभ में नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष के लिए। आवश्यकता के आधार पर अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है।
6.	पारिश्रमिक	40,000 रुपये का मासिक वेतन और साथ ही अनुबंध में वर्णित यात्रा भत्ता।
7.	कार्य का स्थान	कार्य का स्थान उपर्युक्त पते पर होगा और कार्यालय द्वारा निर्धारित समस्त पश्चिम बंगाल राज्य में पंचायती राज संस्थानों में से कोई भी होगा।

4. आवेदन कैसे करें:

• उम्मीदवार आवेदन पत्र कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा I), पश्चिम बंगाल की वेबसाइट https://cag.gov.in/ag1/west-bengal/en से डाउनलोड कर सकते हैं।

• विधिवत भरा हुआ आवेदन amg3recau1.wbl.au@cag.gov.in पर ईमेल किया जाए। उम्मीदवार डाक/कूरियर/अन्य भौतिक माध्यम से कोई आवेदन न भेजें।

5. चयन प्रक्रिया:

- स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा आवेदन की स्क्रीनिंग।
- केवल साक्षात्कार के माध्यम से चयन।

6. अन्य नियम एवं शर्तों के लिए कार्यालय की वेबसाइट देखें।

हस्ता/-

निरीक्षक स्थानीय लेखा, पश्चिम बंगाल